राजस्थान सरकार

निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः निदे/मु.नि.द.यो./2021/790 दिनांकः 05/08/2022

समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
समस्त प्रमुख चिकित्सा अधिकारी,
राजस्थान।

विषयः– मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु डीडीसी सहायक (हैल्पर्स) को संविदा पर लिये जाने की स्वीकृति बाबत्।

संदर्भः– शासन उप सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप–2) विभाग का स्वीकृति आदेश क्रमांकः प. 25(01)चि.स्वा./2/2021 दिनांक 15.07.2022 एवं दिनांक 02.08.2022।

शासन उप सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप–2) विभाग के स्वीकृति आदेश क्रमांकः प. 25(01)चि. स्वा./2/2021 दिनांक 15.07.2022 एवं दिनांक 02.08.2022 की पालना में 598 (356+242) संविदा डीडीसी हैल्पर्स की सेवायें वर्ष 2022–23 में लिये जाने की स्वीकृति निम्न शर्तों के अध्यधीन जारी की जाती है:–

1. जिला चिकित्सालय में 04, उप जिला चिकित्सालय में 03, सैटेलाईट चिकित्सालय में 02 एवं अन्य चिकित्सा संस्थानों में प्रतिदिन 100 एवं अधिक ओपीडी होने पर 01 डीडीसी हैल्पर्स की सेवाएें ली जावे।
2. डीडीसी हैल्पर्स की सेवायें लेने के संबंध में विभाग द्वारा वास्तविक आवश्यकता का निर्धारण स्वय के स्तर से किया जाकर तद्नुसार न्यूनतम आवश्यक सेवायें ली जावे।
3. संविदा सेवायें लेते समय वित्तीय नियमों/वित्त (जी एण्ड टी) विभाग के परिपत्र दिनांक 30.04. 2018 की पालना सुनिश्चित की जावे।
4. उक्त संविदा सेवाओं का व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन नहीं किया जावेगा। पूर्व वर्षों के अनुरूप संविदा सेवाओं का व्यय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा वहन किया जावे।
5. विभागीय स्वीकृति आदेश क्रमांकः निदे/मु.नि.द.यो./2021/346 दिनांक 31.03.2022 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिये 356 डीडीसी सहायक (हैल्पर्स) की सेवायें लिये जाने की स्वीकृति इस शर्त के अनुसार प्रदान की गई (Approval for the concerned medical institutions are valid only till RoP is issued for the year 2021-22 after which the approval as per RoP will be applicable) उक्त स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिये प्राप्त हो चुकी है इस हेतु RoP प्राप्त होने के कारण **पूर्व में जारी स्वीकृति आदेश कमांक 346 दिनांक 31.03.2022 को प्रत्याहरित किया जाता है।**

उक्त स्वीकृति वित्त (व्यय–1) विभाग की आईडी संख्या 152200729 दिनांक 23.06.2022 एवं आईडी क्रमांक 152200934 दिनांक 29.07.2022 के द्वारा प्रदत्त सहमति के अनुसरण में जारी की जाती है।

संलग्न :– वित्तीय वर्ष 2022–23 की चिकित्सा संस्थावार स्वीकृत पदों की सूची।

निदेशक (जन स्वा0)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राज0 जयपुर।

Scanned with OKEN Scanner

क्रमांक : निदे / मु.नि.द.यो. / 2022 / .... दिनांक....... / .... / 2022

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री महोदय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0 विभाग।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, चिकित्सा स्वा0 एवं प0क0 विभाग जयपुर राज0।
3. निजी सचिव, मिशन निदेशक, एन.एच.एम. स्वास्थ्य भवन, जयपुर।
4. संयुक्त शासन सचिव चि0 स्वा0 (ग्रुप–2) सचिवालय, जयपुर।
5. परियोजना निदेशक, एनएचएम को भेज कर लेख है कि स्वीकृति अनुसार राशि का हस्तान्तरण संबधित चिकित्सा संस्थानों को किया जाना सुनिश्चित करे।
6. प्रभारी सर्वर रूम, मुख्यालय को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड एवं संबंधित को ई–मेल वास्तें।
7. रक्षित पत्रावली।

निदेशक (जन स्वा0)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राज0 जयपुर।

Scanned with OKEN Scanner